## सार-समाचार

### आज यातायात व्यवस्था प्रभावित होगी

**कोटा,** (निसं)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 29 मार्च, शनिवार को प्रस्तावित यात्रा कार्यक्रम के दौरान दशहरा मैदान में अन्य जिलों से आने वाले वाहनों के लिये डायवर्जन/यातायात व्यवस्था/पार्किंग व्यवस्था निम्न प्रकार रहेगी। बारां व सुल्तानपुर की तरफ से कार्यक्रम में आने वाले वाहन 80 फीट लिंक रोड होते हुये नयाबस स्टैण्ड होते हुये धानमंडी स्लिप लेन से लायंस क्लब की तरफ विज्ञान नगर रोड से गोबरिया बावड़ी होते हुये घटोत्कच्छ चौराहा होते हुये केशवपुरा पुलिया से होते हुये रोटरी चौराहा से सी.ए.डी.ग्राउण्ड में पार्क होगी। सांगोद, कैथून, धाकड़खेड़ी की तरफ से कार्यक्रम में आने वाले वाहन रायपुरा चौराहा, डीसीएम होते हुये धानमंडी स्लिप लेन से लायंस क्लब की तरफ विज्ञान नगर रोड से गोबरिया बावड़ी होते हुये घटोत्कच्छ चौराहा होते हुये केशवपुरा पुलिया से होते हुये रोटरी चौराहा से सी.ए.डी. ग्राउण्ड में पार्क होगी। झालावाड़ रोड़ की तरफ से कार्यक्रम में आने वाले वाहन अनन्तपुरा थाने के सामने होते हुये धरणीधर चौराहा होते हुये घटोत्कच्छ चौराहा होते हुये केशवपुरा पुलिया से होते हुये रोटरी चौराहा से सी.ए.डी. ग्राउण्ड में पार्क होगी। बून्दी की तरफ से कार्यक्रम में आने वाले वाहन कुन्हाडी चौराहा से नाका चूंगी से होते हुये थर्मल चौराहा से गढ़ पैलेस, एलिवेटेड पुलिया होते हुये धोबी घाट किशोरपुरा आकर पार्क होगी। कार व दुपहिया वाहनों की पार्किंग पशु मेला ग्राउण्ड दशहरा मैदान में होगी।

### सड़क निर्माण कार्य शुरू

**कोटा,** (निसं)। कोटा समृद्धि नगर विस्तार में लाड़पुरा विधानसभा विधायक कल्पना देवी के दिशा-निर्देश अनुसार स्थानीय पार्षद देवेंद्र शर्मा के और समिति के अध्यक्ष कंवर सिंह चौधरी एवं कार्यकारणी के प्रयासों से विधायक कल्पना देवी द्वारा समृद्धि नगर विस्तार में 98 लाख रुपए रोड़ के लिए स्वीकृत करवाए थे जिसका शुक्रवार को भूमि पूजन किया गया। समृद्धि नगर विस्तार विकास समिति के अध्यक्ष कंवर सिंह चौधरी ने बताया कि विधायक कल्पना देवी का समृद्धि नगर विस्तार के निवासियों की लंबे समय से मांग थी की इस रोड़ को बनवाया जाए ताकी लोगों को राहत मिल सकें। विधायक ने कॉलोनी में रोड बनवाने की घोषणा की थी जिसका भूमि पूजन किया गया, समिति के पदाधिकारी द्वारा स्थानीय पार्षद देवेंद्र शर्मा का स्वागत सम्मान किया गया। स्थानीय निवासियों ने एक-दूसरे को मिठाईयां खिलाकर खुशियां मनाई और क्षेत्रीय विधायक कल्पना देवी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर समिति के संयोजक उदयभान सिंह, सचिव सुरेंद्र सिंह, शंकर सिंह, मदन लाल पांचाल, महावीर कुशवाहा, चेतनगालव, महेंद्र चौधरी, अक्षय सुवालका, भूपेश पांचाल, इंदर राज, नितिन, सुरेंद्र मीणा, मनोज, विनोद मौजूद रहे।

### साहित्यकार भारती सम्मानित होंगे

**छबड़ा** (निसं)। मायड भाषा-2025 के पुरस्कार के लिए वरिष्ठ साहित्यकार जगदीश भारती (कोटा) को उनके द्वारा लिखी गई। पुस्तक राजस्थानी कहानी संग्रह 'पाछी बावडजे मिजाजण' का चयन कर 20 अप्रैल को प्रसिद्ध कुंजल माता मन्दिर प्रांगण, डेह (नागौर) में स्मृति चिन्ह सहित ग्यारह हजार रुपए प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। साहित्यकार रामभरोस तेजस्वी ने बताया कि भारती एक वरिष्ठ साहित्यकार होने के साथ-साथ राजस्थान की लुप्त होती हुई लोक-संस्कृति को पुनर्जीवित करने के लिए करसो खेत खलांण साहित्य संस्था के माध्यम से हर वर्ष कार्यक्रम करवाकर संस्कृति को बचाने के लिये कार्य करने वाले साहित्यकारों को अपने माता-पिता की स्मृति में सम्मानित करते हैं। भारती की किताब 'पाछी बावडजे मिजाजण' साहित्य जगत में काफी चर्चा में रही है। जिसे लोग काफी पसंद भी कर रहे हैं। भारती के सम्मानित होने की खबर से साहित्यकारों में हर्ष की लहर हैं।

### ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत

**कोटा,** (निसं)। कोटा से अपने गांव लाखेरी की ओर से ट्रेन से जाते समय एक यात्री चलती ट्रेन से कोटा प्लेटफार्म पर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिये एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां अस्पताल में उपचार के दौरान यात्री की मौत हो गई। जीआरपी पुलिस ने बताया कि गांधीपुर लाखेरी निवासी जयकुमार तिवारी (47) कोटा से गांव लाखेरी जाने के लिये गुरूवार शाम को कोटा श्रीगंगानगर एक्सप्रेस में सवार हुआ था। पुलिस ने बताया कि यात्री जयकुमार तिवारी कोटा प्लेटफार्म पर चलती ट्रेन से गिरने से ट्रेन की चपेट मे आ गया। पुलिस ने बताया कि जयकुमार को गंभीर घायलावस्था में उपचार के लिये एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनो को सौंप दिया।

### कई कार्यक्रम आयोजित होंगे

**छबड़ा** (निसं)। राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के आदेशानुसार प्रदेश के समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को नो बैग डे कार्यक्रम के अंतर्गत सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करवाया जाना अत्यावश्यक है। निदेशक, माध्यमिक शिक्षा बीकानेर के जारी आदेशों की पालना में संस्था प्रधानों को अपने विद्यालय में नों बैग डे के दिन शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा राजस्थान की पारंपरिक पोषक पहनना, भाषण, कविता, राज्य की स्थानीय भाषा मे परिचय दिलवाना इत्यादि शामिल रहेगा।

### 'जनता का साथ हमारी ताकत'

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान दिवस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में भीलवाड़ा में आयोजित विकास एवं सुशासन उत्सव को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास हमारे लिए सुशासन का मंत्र है। विकास और सुशासन के इस संकल्प में जनता का साथ हमारी ताकत है। उन्होंने कहा कि हम राजस्थान को एक समृद्ध और विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सभी जिलों में किया गया एवं कोटा के सियाम ऑडिटोरियम में लाईव का प्रसारण किया गया।

### कहासुनी में युवक घायल

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे के एजाज नगर में गुरुवार रात को आपसी कहासुनी में हुए झगड़े में एक युवक गंभीर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए बारां रेफर कर दिया है। एजाज नगर निवासी पवन प्रजापति ने बताया कि उसका भाई शिवम (14) पुत्र भगवान लाल रामानुज स्कूल के पास अपने दोस्तों के साथ बैठा हुआ था, तभी आठ दस युवक आए और मामूली कहासुनी होने पर उसके भाई पर चाकू से हमला कर दिया। उन्होंने छबड़ा थाने में रिपोर्ट सौंप दी है। पुलिस द्वारा मामले में कार्रवाई की जा रही है।

### निवेश उत्सव कार्यक्रम 31 मार्च को

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में निवेश उत्सव कार्यक्रम अब 31 मार्च को प्रातः 11 बजे पुरूषार्थ भवन, रोड़ नम्बर 5, गोबरिया बावड़ी, इन्द्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र हरिमोहन शर्मा ने बताया कि समारोह के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा वर्चुअल संवाद किया जाएगा।


**MANAPPURAM FINANCE LTD.**
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.04.2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुनः सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

भरतपुर, भरतपुर, 138080730014258, कोटा, गुमान पुरा, 112700730060502, 0509, 112700750000302, कोटा जंक्शन, 112630700028644, 8705, 112630750000145,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु


# परिसीमन के विरुद्ध हमारी कमेटी दर्ज कराएगी आपत्तियां, गंभीरता से नहीं लिया तो कानून का सहारा लेंगे : रविन्द्र त्यागी

**कोटा,** (निसं)। भाजपा सरकार द्वारा नगर निकाय एवं पंचायत राज में मनमानी तरीके से की जा रही परिसीमन को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक 28 मार्च शुक्रवार को प्रात:11 बजे गुमानपुरा स्थिति कांग्रेस कार्यलय में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता शहर कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने की बैठक में जयपुर से कोटा प्रभारी देशराज मीणा भी मौजूद रहे उनका शहर अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने सभी कांग्रेसजनों की ओर से माला पहनाकर स्वागत किया।



कोटा कांग्रेस कार्यालय में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में परिसीमन से सम्बंधित आपत्तियां दर्ज कराने के लिए सभी से विचार-विमर्श करने के पश्चात शहर अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने पांच सदस्य कमेटी बनायी है जिसमे एड.जगदीश ठाड़ा, पूर्व उपमहापौर राकेश सोरल, एड.राकेश गुप्ता उपमहापौर दक्षिण पवन मीणा, उपमहापौर उत्तर शोनू कुरैशी कमेटी के सदस्यों की कमेटी बनायी है जो परिसीमन से संबंधित आपत्तियां पार्टी की ओर से दर्ज कराएंगे। बैठक में लोकसभा में लोकसभा अध्यक्ष द्वारा राहुल गांधी को नही बोलने दिया जा रहा है इसके लिए कांग्रेसजनों ने निंदा प्रस्ताव पारित कर पीसीसी को को भेजा बैठक की अध्यक्षता करते हुए शहर अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने कहा कि भाजपा सरकार कांग्रेस बाहुल्य क्षेत्र को तोड़कर जन भावनाओं के विरुद्ध बदले की भावना से कमजोर करने का काम कर रही है।

इसको हम कतई बर्दाश्त नही करेंगे अगर कानून का साहरा लेना पड़े तो पीछे नही हटेंगे तथा सड़को पर उतरना पड़ा तो उसके लिए भी हम सब कांग्रेसजन तैयार है। पीसीसी महासचिव कोटा जिला प्रभारी देशराज मीणा ने कहा कि भाजपा सरकार वार्डो ओर पंचायतो को परिसीमन के जरिये तोड़ने व कमजोर करने का काम कर रही है इनकी नीयत सिर्फ कांग्रेस पार्टी को किस तरीके से कमजोर किया जाय इसी जुगत में परिसीमन पुर्नगठन कर रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने आनन फानन में बिना जानकारी लिए जिस प्रकार से परिसीमन किया इसका कोई पैमाना नही है नियम विरुद्ध परिसीमन किया गया है इसके लिए हमे सड़कों पर उतरकर जनभावनाओं के लिए आंदोलन करना पड़ा तो पीछे नही हटेंगे कांग्रेस के नेताओ ने हमेशा देश जोड़ने का काम किया है वही दूसरी ओर भाजपा सरकार ने तोड़ने का काम किया है। लाड़पुरा प्रधान रहे नईमुद्दीन गुड्डू ने कहा कि कैथून नगर पालिका को कोटा उत्तर में मिलाने से जाहिर होता है।

कांग्रेस को तोड़ने के लिए जनमानस की भावनाओ के विरुद्ध परिसीमन कर पंचायतों के विकास को रोकने का सुनियोजित षड्यंत्र भाजपा का सपना हम साकार नही होने देंगे उन्होंने कहा कि भाजपा खुलेआम न्यायपालिका और लोकतंत्र की हत्या कर रही है उन्होने कहा कि भाजपा सरकार को आमजन की भावनाओं से कोई लेना देना नही है। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव डॉ विजय सोनी ने बताया कि बैठक को मुख्य रूप से एड जगदीश ठाड़ा, पूर्व उपमहापौर राकेश सोरल, उपमहापौर पवन मीणा, पीसीसी महासचिव अनूप ठाकुर, महासचिव डॉ विजय सोनी, प्रमोद त्रिपाठी, महामंत्री विपिन बरथूनीया, हिमांशु शर्मा, नीरज शर्मा,अनूप कुमार अन्नू, प्रकाश मलकानी, विजय गुप्ता, पीसीसी सदस्य क्रांति तिवारी, हंसराज गोस्वामी, रेहाना खान, हेमंत चतुर्वेदी, पूर्व देहात अध्यक्ष रुकमणी मीणा, अमोलक देवी, ब्लॉक अध्यक्ष जोंटी वीरवाल, विशाल मेवाड़ा, महिला अध्यक्ष शालिनी गौतम, मंजू चौधरी, पूनम कंवर, सपना बुर्ट, अब्दुल हमीद गौड़, मजीद आदि मौजूद रहे बैठक का संचालन रामेश्वर सुवालका ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापित स.महामंत्री राधेश्याम वर्मा ने किया।

### 'कोटा कोचिंग संस्कृति में आ रहे बेहतर बदलाव'

**कोटा,** (निसं)। कई सालों से कोटा को बेहतरीन गुणवत्ता की कोचिंग, घण्टों पढ़ाई और छात्रों को लर्निंग का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने के लिए जाना जाता रहा है। इंजीनियरिंग और मेडिकल की प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए भारत के पसंदीदा इस शहर ने लाखों सपनों को उड़ान भरते देखा है। लेकिन सफलता की इन कहानियों के पीछे हमेशा एक छिपी गाथा भी रही है- जो छात्रों पर पड़ने वाले दबाव, उनके आस-पास मौजूद चुनौतियों से भरे मुश्किल माहौल को दर्शाती है। इस बदलाव के बीच, जब कोटा के कई जाने-माने कोचिंग संस्थान आर्थिक अस्थिरता से जूझ रहे हैं, शिक्षकों की छंटनी और उनके वेतन में कटौती कर रहे हैं, मोशन एजुकेशन स्थिरता और विकास की नई किरण के रूप में उभरा है।

शिक्षकों की छंटनी करने के बजाए उन्होंने 15 अनुभवी शिक्षकों का अपने साथ जोड़ा है। संस्थान के ये प्रयास छात्रों को सर्वोच्च मार्गदर्शन प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। जहां एक ओर अन्य संस्थान अपना अस्तित्व बनाए रखने पर फोकर कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मोशन एजुकेशन स्थिरता, इनोवेशन एवं समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए नए मानक स्थापित कर रहा है और कोटा में कोचिंग के उभरते परिवेश के लिए उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रहा हैलेकिन आज शहर में सकारात्मक बदलाव आ रहा है।

### जैतसागर नाले के निर्माण की प्रगति का निरीक्षण

**बूंदी** (निसं)। जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने शुक्रवार को शहर में चल रहे जैतसागर नाले के निर्माण की प्रगति का निरीक्षण लिया। उन्होंने नाले के निर्माण में आ रहे अवरोधों को हटाने और गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य करवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आरयूआईडीपी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता के.के.नटानी भी साथ रहे।

कलेक्टर ने मीरां गेट, महावीर कॉलोनी एवं पुलिस लाइन क्षेत्र में नाले के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में नियोजित टीमों की संख्या में इजाफा किया जाए। इस दौरान, जिला कलेक्टर ने नाले के निर्माण में आ रही समस्याओं का समाधान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। जैतसागर नाले के निर्माण की प्रगति निरीक्षण के बाद जिला कलक्टर ने नगर परिषद और आरयूआईडीपी के अधिकारियों के साथ निर्माण कार्य की प्रगति समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला कलक्टर ने निर्माण कार्य को गति प्रदान करने के निर्देश दिए।

## दो कारों से 77 लाख 80 हजार का अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

■ 13 कट्टों में 265 किलो 650 ग्राम डोडा चूरा बरामद हुआ

**कोटा,** (निसं)। अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध कोटा ग्रामीण की सांगोद व बपावरकलां थाने की पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए दो कारो को जब्त कर दोनो कारों से अवैध मादक पदार्थ 518 किलोग्राम डोडा चूरा को जब्त किया। पकड़े गये माल की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 77 लाख 80 हजार 200 रूपये कीमत बताई गई है।

सांगोद पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए एनडीपीएस एक्ट में दो तस्करो को भी पकड़ा है। वहीं बपावर कलां पुलिस टीम द्वारा की गई कार्यवाही में कार में सवार दो तस्कर रात्रि में अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हुए। पुलिस टीम ने मौके से दोनों कारो को जब्त किया।

कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि कोटा ग्रामीण पुलिस की बपावर कलां एवं सांगोद पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान कार्यवाही करते हुए दो कारों से अवैध मादक पदार्थ 518 किलो 680 ग्राम डोडा चूरा बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया, एवं घटना में प्रयुक्त दो कारो को जब्त किया है।

कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि सांगोद थानाधिकारी लाखन सिंह मय जाप्ता बपावर रोड़ पर तालछी बस स्टॉप के समीप नाकाबंदी कर वाहनों की चैकिंग कर रहे थे।

कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि वाहनों की चैकिंग के दौरान बपावर कलां की ओर से एक ईनोवा कार आती हुई नजर आई जिसे रोककर चेक किया तो पुलिस टीम को ईनोवा कार से 13 कट्टे प्लास्टिक के मिलें जिन्हे चेक करने पर प्रत्येक कट्टे में अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा बरामद हुआ।

कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि बरामद किये गये 13 कट्टो में 265 किलो 650 ग्राम डोडा चूरा बरामद हुआ। पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थ बरामद होने पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए जिला सगरू पंजाब के खण्डोली गांव निवासी समरजीत (45) और हुसनप्रीत (45) को गिरफ्तार किया।

पकड़े गये आरोपियों से अनुसंधान जारी है। कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकल्याण मीणा ने बताया कि वहीं बपावर कलां थाने के उपनिरिक्षक थानाधिकारी अभय सिंह मय जाप्ता थाने के समाने मेगा हाईवे पर नाकाबंदी कर वाहनों की चैकिंग कर रहे थे।

कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान खानपुर-झालावाड़ की तरफ से एक हुंडई कार तेज गति से आती हुई नजर आई जिसे पुलिस टीम ने रूकवाया तो कार में सवार दो व्यक्ति रात्रि में अंधेरे का फायदा उठाकर कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गये।

कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने मौके पर कार को चैक किया तो कार में से 16 कट्टे प्लास्टिक के भरे हुए मिले है। जिनको चैक किया तो कट्टो में 253 किलो 3 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा बरामद हुआ।

पुलिस टीम ने मौके से बरामद हुए अवैध मादक पदार्थ को नियमानुसार कार्यवाही करते हुए एनडीपीएस में जब्त किया और मौके से पुलिस टीम को चकमा देकर फरार हुआ तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी हैं।

कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि कोटा ग्रामीण की सांगोद व बपावर कलां पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान कार्यवाही करते हुए दो कारो को जब्त कर 518 किलो 680 ग्राम डोडा चूरा बरामद किया।

### समर कैंप का समापन

**कोटा,** (निसं)। मोदी पब्लिक स्कूल दादाबाड़ी में ग्रीष्म कालीन साप्ताहिक कैंप का समापन हुआ। इस समापन समारोह की अध्यक्षता मोदी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन सुशील मोदी ने की और विशिष्ट अतिथि ग्रुप निदेशक राघव मोदी रहे। इस कैंप में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा दसवीं तक के विद्यार्थीयों ने भाग लिया। इस कैंप में कई प्रकार की गतिविधियों को रखा गया, जिनमें विभन्न प्रकार के आउटडोर और इनडोर खेल बैडमिंटन, टेबल टेनिस, बॉस्केट बॉल तथा गणित को रूचिकर आसान बनाने के लिए अबेकस, स्पोकन इंगलिश ड्रांइग और कलरिंग, डांस और म्यूजिक, ताइक्वांडो, जुंबा, बेस्ट ऑफ द वेस्ट, साइंस एक्पेरिमेंट, रील्स एंड कोडिंग, एनिमेशन, कराटें केलीग्राफी आदि कई रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया।


**खोया पाया**

मनोज माहेश्वरी पुत्र मोहनलाल चाडक 1-j-1 दादाबाड़ी कोटा का आवंटन पत्र व कब्जा पत्र गुम हो गया है किसी को मिलने पर सूचित करें।


## देश विदेश के 2700 साल पुराने सिक्कों को देख आश्चर्यचकित रह गए लोग

**कोटा,** (निसं)। तीन दिवसीय कोटा मुद्रा उत्सव 28, 29, 30 मार्च को कोटा में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश-विदेश के दुर्लभ सिक्से, नोट व अन्य सामग्री लगाई गई है। चेयरमैन लकेश डंडोना ने बताया कि कोटा फिलाटेली एवं न्यूमिजमाटिक सोसाईटी, रोटरी क्लब कोटा उत्तर के सहयोग से इसका आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ 4, बसंत विहार, डॉ.केके पारीख हॉस्पिटल के पास आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में देशभर से कोइन के संग्रहकर्ता का जमावड़ा कोटा में लग गया है। इस प्रदर्शनी में प्रवेश निशुल्क रखा गया है जहां युवा पीढ़ी भरपूर आनंद ले रही है।



तीन दिवसीय मुद्रा उत्सव आयोजित हुआ है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सोसायटी के सोसायटी अध्यक्ष नारायण चांडक, सोसायटी सचिव राम अवतार सारडा, कोषाध्यक्ष नरेंद्र के.आर. कात्याल, अध्यक्ष रोटरी क्लब कोटा नोर्थ, सुरेन्द्र अग्रवाल, सचिव रोटरी क्लब कोटा नोर्थ गौरव सूद का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ जिसमें मुख्य अतिथि प्रज्ञा मेहता, डिस्ट्रिक गवर्नर 3056 वर्ष 2025-26, विशिष्ट अतिथि राहुल यादव, सीनियर सुपरिटेंड पोस्टल डिपाटमेंट कोटा डिविजन फोस्टल, अरुण मेहता डायरेक्टर शुभम ग्रुप रहे।

चेयरमैन लकेश डंडोना ने बताया कि इस प्रदर्शनी में 36 विभिन्न तरह की स्टॉल्स रहेंगी। इस प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए यूपी, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान सहित कई प्रदशों से संग्रहकर्ता आए हुए हैं।

**अश्चर्य चकित कर देने वाला इतिहास है भारत का:-** लकेश डंडोना ने बताया कि इस प्रदर्शनी में भारत का ऐसा इतिहास और उससे जुड़ी वस्तुएं हैं जो अपने आप में पूरे भारत की संस्कृति और कला को संजोए हुए हैं। देश विदेशों की विभिन्न रियासतों और भारत के विभिन्न कालखंड में प्रचलित मुद्राओं को देखने का अवसर यहां मिल रहा है, कोई इनके साथ सेल्फी ले रहा है तो कोई अपने बच्चों के साथ यहां पहुंचा और उन्हें भारत के इतिहास व उससे जुड़ी वस्तुओं से अवगत करा रहा है। इस प्रदर्शनी में भारत व देश-विदेश का आश्चर्य चकित कर देने वाला इतिहास है। मुद्रा उत्सव में विभिन्न रियासतों के 800 प्रकार के सिक्के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

उन्होंने कहा कि यहां सबसे छोटा अखबार, पंचमार्क से लेकर आज तक के सिक्के यहां देखने को मिलेंगे साथ ही मनदीप सिहं सिखों की मिसलों के सिक्के, तरूण सिंगला के मुगल सिक्के, कश्मीर के सिक्के, ब्रिटिश कोईन होंगे। चमकोर सिंह के विश्वस्तरीय कलेक्शन यहां होंगे। शैलेष जैन द्वारा सील एंड सीलिंग होगी। गुरू गोविंद सिंह की सीलिंग को यहां प्रदर्शित किया गया है। पोस्टल डिपाटमेंट का माई स्टेंप का स्टॉल रहेगा जहां लोग आनी स्टांप भी बनवा रहे हैं।

**राजस्थान की मुद्रा है अनोखी:-**प्रदर्शनी के दौरान राजस्थान की रियासत के अमूल्य सिक्के और नोट का प्रदर्शन होगा, जिसमें कोटा बूंदी, झालावाड़, जयपुर, जोधपुर, प्रतापगढ़, जैसलमेर, करौली, मेवाड़, बीकानेर, केकड़ी, जयपुर, भरतपुर, सहित कई जगह के राजपरिवारों द्वारा प्रचलित मुद्रा भी आकर्षण का केन्द्र रहेगी। राजस्थानी संस्कृति को अपने में संजोए करीब 250 से 300 साल पुराने सिक्के यहां देखने को मिल रहे हैं।


**पश्चिम मध्य रेल**

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, कार्मिक विभाग, कोटा-324002
सं. WCR-KOTA0PERS(EDIV)/01/2025, दिनांक 26.03.2025

**वॉक-इन-इंटरव्यू (Walk In Interview)**

**विषयः- कोटा मंडल - पश्चिम मध्य रेल में संविदा के आधार पर (विशेषज्ञों/जीडीएमओ) चिकित्सकों की भर्ती हेतु साक्षात्कार।**

कोटा मंडल पर निम्नानुसार संविदा आधार पर एक वर्ष के लिए पूर्ण कालिक संविदा (विशेषज्ञों/जीडीएमओ) चिकित्सकों के निम्नलिखित पदों को भरने हेतु दिनांक 09.04.2025 को वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

| क्र.सं. | चिकित्सालय का नाम | रिक्तियाँ | विशेषज्ञता |
|---|---|---|---|
| 01 | मंडल रेल चिकित्सालय – कोटा | 02 (सामान्य/विशेषज्ञ) | CMP- Gynaecologist, Physician, Surgeon, Note - General Duty Doctors (GDMO) may also apply and may be considered as per requirement in case the suitable candidate is not available as specified above. |
| 02 | स्वास्थ्य यूनिट–बूंदी | 01 (सामान्य/विशेषज्ञ) | |

निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, आयु, मानदेय एवं अन्य शर्तो के लिए पश्चिम मध्य रेल की वेबसाइट **www.wcr.indianrailways.gov.in** पर विस्तृत नोटिफिकेशन देखें।

***मंडल कार्मिक अधिकारी, कृते वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, कोटा***

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर



**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांकः-एफ11/विक्रय/2025/1319 दिनांकः-25.3.25

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना श्रीरामकृष्णपुरम-ए आवास संख्या 709 का नामहस्तांतरण क्रमांक 317-18 दिनांक 04.04.2014 को श्रीमती रीटा पत्नी श्री मान प्रकाश बैरवा के नाम हस्तान्तरण किया गया था। श्रीमती रीटा की मृत्यु दिनांक 18.02.2018 को हो गयी है। मृत्यु उपरांत श्रीमती रीटा पत्नी श्री मान प्रकाश बैरवा के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत रिलीज डीड (हक त्याग पत्र), मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आईडी इत्यादि दस्तावेजों के आधार पर श्री मान प्रकाश बैरवा पुत्र श्री शंकर लाल द्वारा उक्त आवास संख्या 709 श्रीरामकृष्णपुरम-ए अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति कोटा विकास प्राधिकरण कोटा से चाही जा रही है।

अतः जरीये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 709 श्रीरामकृष्णपुरम-ए का नामहस्तान्तरण श्री मान प्रकाश बैरवा पुत्र श्री शंकर लाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा**



**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांकः-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/3826 विज्ञप्ति दिनांकः-28.3.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम कुन्हाड़ी में स्थित कृषि भूमि योजना लेण्डमार्क सिटी ब्लॉक-आई.जे.के भूखंड संख्या आई-8 खसरा नं. 375/450 आवेदक/आवेदिका श्री अरिन्जय बंसल पुत्र स्व. श्री अशोक बंसल, सूरजमल बंसल पुत्र श्री रामेश्वर दास अग्रवाल एवं श्रीमती अल्का बंसल पत्नी श्री सत्यनारायण निवासी कोटा द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 207 दिनांक 16.07.2015 को सूरजमल बंसल पुत्र श्री रामेश्वर दास, अशोक बंसल पुत्र श्री गुलाब चन्द अग्रवाल एवं श्रीमती अल्का बंसल पत्नी श्री सत्यनारायण के पक्ष में जारी किया गया था। सहपट्टाधारी अशोक बंसल की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 26.08.2016 को हो चुकी है। मृतक के विधिक वारिसान पत्नी बेला बंसल, पुत्री विधि बंसल, प्राची गर्ग, पुत्र अरिन्जय बंसल है। वारिसान बेला बंसल, विधि बंसल, प्राची गर्ग द्वारा जर्ये रजि. हकत्याग पत्र दिनांक 23.05.2017 से आवेदक श्री अरिन्जय के पक्ष में किया गया है।

अतः श्री अरिन्जय बंसल पुत्र स्व. श्री अशोक बंसल, सूरजमल बंसल पुत्र श्री रामेश्वर दास अग्रवाल एवं श्रीमती अल्का बंसल पत्नी श्री सत्यनारायण के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण**



**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बद्रीलाल पुत्र जगन्नाथ जाति काछी निवासी ढोलम चौराहा छीपाबड़ौद ने अपने खाते की आराजी खसरा नंबर 331/134 रकबा 0.1942 हैक्टेयर में से एक भूखंड, जिसकी चतुर्थसीमाएं पूर्व में छीपाबड़ौद सालपुरा रोड, पश्चिम में सूरज साल्वी का भूखंड, उत्तर में रामचरण गुर्जर का भूखंड एवं दक्षिण में बद्रीलाल की आराजी स्थित है। जिसकी साइज () वर्गफीट है, को शिव मीणा पुत्र नंदकिशोर को जर्ये इकरारनामा बेचान कर चुका है। उक्त भूखंड को कोई भी व्यक्ति बद्रीलाल से खरीद ना करे और न ही किसी तरह का इकरारनामा निष्पादित करावें।

स्थान : छबड़ा
दिनांक : 28.03.2025

भवदीय
बालमुकुन्द खण्डेलवाल एडवोकेट
छबड़ा जिला बारां (राज.)
मो. 9829212945



**राजस्थान सरकार**
**कार्यालय सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, कोटा खण्ड कोटा**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को (नाम वर्णन तथा निवास स्थान)**
**मुकदमा नम्बर-27/2025**

चूंकि डा. मदन लाल अग्रवाल पुत्र श्री लतेश रामेश्वर लाल अग्रवाल निवासी 1 बी 31 एसएफएस तलवण्डी कोटा द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 की धारा 17 (2) के अन्तर्गत प्रन्यास होप सोसायटी कोटा होप 24X7 हैल्प लाईन शाप नं. 45/14 डिस्ट्रीक्ट सेन्टर जवाहर नगर मेन रोड कोटा के सम्बन्ध में पंजीयन हेतु जांच किये जाने के लिये आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रकिया अनुसार से निर्णित किया जायेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 26.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया।

प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 27.05.2025 है।

**सहायक आयुक्त**
**देवस्थान विभाग कोटा**


### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

**कोटा,** (निसं)। संभागीय आयुक्त राजेन्द्र शेखावत ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जुल्मी का निरीक्षण किया।

इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता और स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा की गई। चिकित्सकों ने बताया कि औसतन 70 मरीज प्रतिदिन ओपीडी में उपचार के लिए आते हैं।

स्वास्थ्य केंद्र में टीकाकरण एवं स्वच्छता की स्थिति संतोषजनक पाई गई। संभागीय आयुक्त ने सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र का नाम आयुष्मान आरोग्य मंदिर करने के निर्देश दिए गए।

साथ ही, फार्मर रजिस्ट्री शिविर, ग्राम पंचायत जुल्मी का निरीक्षण कर सभी काउंटरों और तकनीकी समस्याओं की समीक्षा की गई। इस दौरान किसान आईडी का वितरण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान उपखण्ड अधिकारी नीता वसीटा और तहसीलदार नेहा वर्मा मौजूद रही।


**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड**

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**प्राइवेट ट्रिटी सेल द्वारा सरफेसी नियम 8 (5)-डी के तहत सूचना**

प्राइवेट ट्रिटी के माध्यम से बैंक द्वारा विक्रय की जाने वाली बंधक सम्पत्ति और उसके आरक्षित मूल्य व विवरण नीचे तालीका में दी जा रही है।

| ऋण खाता संख्या / ऋणी/ सहऋणी/बन्धकर्ता/ गारन्टर का नाम | सम्पत्ति का विवरण | प्रस्ताव मूल्य | क्रेता द्वारा प्राप्त राशि |
|---|---|---|---|
| राजेन्द्र कुमार पुत्र खेमराज (ऋणी) खाता संख्या : L9001060715276922 | सम्पत्ति स्थित गांव रंग तालाब, जिला-कोटा, राजस्थान क्षेत्रफल 52 वर्ग गज सम्पत्ति की चारों सीमाएँ:- पूर्वः रक्का जी का मकान, पश्चिमः घनश्याम का मकान, उत्तर : रोड़, दक्षिण : श्रवण कुमार का मकान | रु. 6,01,000/- (रुपये छः लाख एक हजार मात्र) | रु. 3,01,000/- (रुपये तीन लाख एक हजार मात्र) |

सुरक्षित लेनदार/प्राधिकृत अधिकारी को उपरोक्त संपत्ति को क्रय करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। यदि ऋणी के पास उपरोक्त प्रस्ताव से अधिक राशि का कोई खरीददार है तो उसे नोटिस की तारीख से पंद्रह दिवस के भीतर अपनी प्रस्तावित राशि के 10% के डीडी/पे ऑर्डर के साथ भेजने का अनुरोध किया जाता है और शेष राशि को उसका प्रस्ताव स्वीकार करने की दिनांक से पंद्रह दिवस में जमा करना आवश्यक होगा। अन्यथा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर ही सम्पत्ति का बेचान किया जाएगा जो प्रस्तावित है।

**स्थान : कोटा, राजस्थान** **दिनांक: 28-03-2025** **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**